# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

**अध्ययन प्रश्न – 2024–25**

**कक्षा : बारहवीं** **विषय : हिन्दी (आधार)** **कोड : 502**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

## सामान्य निर्देश –

1 इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– **खण्ड (अ)** और **खण्ड (ब)**।

**2 खंड (अ)** में बहुविकल्पीय और **खंड (ब)** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

3 **खण्ड अ** में कुल 6 प्रश्नों के 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं।

3 **खंड ब** में कुल 9 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

4 प्रश्नपत्र के दोंनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

5 प्रश्नों का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।

6 सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

## खण्ड– (अ)

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 x 1= 5**

लोग गरीबी की एक बड़ी बुराई के रूप में शिकायत करते हैं तथा यह स्वीकृत विश्वास है कि यदि लोगों के पास काफी धन होगा तो वे खुश होंगे तथा उपयोगी होंगे साथ ही वे जीवन में ज्यादा कुछ प्राप्त करेंगे। सामान्यत: गरीबों की सुविधाओं से विहीन कुटियों में धनिकों के महलों की अपेक्षा ज्यादा सच्चा संतोष प्राप्त होता है तथा जीवन से ज्यादा सुकून प्राप्त होता है। मुझे सदैव धनिक लोगों के पुत्र–पुत्रियों पर दया आती है। इनकी सेवा के लिए नौकर–चाकर होते हैं और आगे की अवस्था में इनकी देखभाल के लिए निजी शिक्षिकाएँ होती हैं। साथ ही मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि व यह नहीं जानते कि उन्होंने क्या खोया है। इसलिए कि मैं जानता

हूँ कि गरीब एवं ईमानदार लोगों के घर कितने मधुर, प्रसन्न व पवित्र होते हैं, वे पीड़ादायक चिंता, सामाजिक वैमनस्य एवं ईर्ष्या से कितने मुक्त होते हैं। इनके परिवार के सदस्य परिवार के पोषण हेतु कितने एक–दूसरे से जुड़े हुए तथा प्यार–मोहब्बत से आबद्ध होते हैं। मेरी धनिकों के पुत्रों के साथ सहानुभूति है तथा मैं गरीबों के पुत्रों को बधाई देता हूँ। इन्हीं कारणों से गरीबों में से ही कोई शक्तिशाली एवं प्रतिष्ठा प्राप्त लोग और स्वनिर्भर व्यक्ति हमेशा से उत्पन्न हुए हैं और होते रहेंगे।

(क) लोग गरीबी की एक भयंकर बुराई के रूप में क्या शिकायत करते है ?

(i) वे गरीबी में खुशहाल नहीं रह सकते।

(ii) वे जीवन में उपयोगी नहीं हो सकते।

(iii) केवल (क)

(iv) (क) और (ख) दोनों

(ख) गरीबों के मध्य से किस प्रकार के लोग प्राप्त होते है।

(i) शक्तिशाली , प्रभुत्वपूर्ण , प्रतिष्ठाप्राप्त

(ii) प्रतिष्ठाप्राप्त , प्रभुत्वपूर्ण , आत्मनिर्भर

(iii) आत्मनिर्भर, प्रतिष्ठाप्राप्त , शक्तिशाली

(iv) आत्मनिर्भर, प्रतिष्ठाप्राप्त एवं ईश्वर से डरने वाले

(ग) लेखक के धनिक पुत्रों से सहानुभूति रखने का क्या कारण है?

(i) गरीब का घर मधुर एवं पवित्र होता है।

(ii) गरीब का घर पीड़ादायक चिंता से मुक्त होता है।

(iii) गरीब परिवार के सदस्य पोषण हेतु एक–दूसरे से जुड़े होते हैं।

(iv) उपरोक्त सभी

(घ) निम्न में से कौन– सा कथन सत्य नहीं है ?

(i) गरीब का घर मधुर ,खुशहाल एवं पवित्र होता है।

(ii) गरीब का घर पीड़ादायक चिंता से मुक्त होता है।

(iii) गरीब के घर में इनकी सेवा के लिए नौकर–चाकर होते हैं।

(iv) इनके परिवार के सदस्य परिवार के पोषण हेतु एक–दूसरे से जुड़े होते हैं।

(ङ) लेखक गरीबों की कुटियों को निर्धन कुटियाँ क्यों कहता है?

(i) वे साधारण रूप में सज्जित होती हैं।

(ii) वे दरिद्रतापूर्ण ढंग से सज्जित होती हैं।

(iii) वे आकर्षक होती हैं।

(iv) उनमें कुछ भी नहीं होता।

प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 X 5 = 5

रुका तू , रूक गया जग का सृजन
तिमिरमय नयन में डगर भूल कर
कहीं खो गई रोशनी की किरन
घने बादलों में कहीं सो गया
नई सुष्टि का सप्तरंगी सपन
रूका तू , गया रूक जग का सृजन
अधूरे सृजन से निराशा भला
किसलिए , जब अधूरी स्वयं पूर्णता?
सृजन की थकन भूल जा देवता!

(क) कवि ने किसे भूल जाने की बात कही है?

(i) निर्माण की थकान (ii) अंधकार

(iii) पूर्णता (iv) सप्तरंगी स्वपन

(ख) 'थके हुए कलाकार से' कविता में कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?

(i) सो जाने की (ii) निरंतर चलने की

(iii) निराश होने की (iv) आराम करने की

(ग) कवि ने उपरोक्त पद्यांश में क्या संदेश दिया है?

(i) अधूरे कार्य से हताश होना।

(ii) अधूरे कार्य को दुगुने उत्साह से संपन्न करना।

(iii) कार्य को अधूरा ही छोड़ देना।

(iv) कल्पनाओं में ही कार्य को संपन्न करना।

(घ) गद्यांश में 'तिमिरमय' शब्द का क्या अर्थ है?

(i) प्रकाशमय (ii) ज्योर्तिमय

(iii) अंधकारमय (iv) निद्रामय

(ङ) **कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**

कथन (A) लेखक ने कलाकार को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

कारण (R) कलाकार अपना संपूर्ण जीवन कला को समर्पित कर देता है।

(i) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है।

प्रश्न 3 काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 X 1= 5

(क) पतंग कविता में ' तितलियों की इतनी नाजुक दूनिया' से कवि का आशय है –

(i) आकाश में तितलियों का उड़ना।

(ii) रंगीन पतंगों का कोमलमय संसार।

(iii) तितलियों का शरीर बहुत कोमल।

(iv) तितलियों के उड़ने से आकाश का कोमल बन जाना।

(ख) भाषा के क्या करने से बात और अधिक पेचीदा हो गई?

(i) उलटने–पलटने (ii) हिलाने–डुलाने

(iii) (i) और (ii) दोनों (iv) केवल (i)

(ग) 'रुद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष '– यहाँ **क्षुब्ध** का क्या अर्थ है ?

(i) खाली (ii) रूका हुआ

(iii) अशांत (iv) शांत

(घ) 'छोटा मेरा खेत' कविता में किसकी रोपाई की बात कही गई है?

(i) क्षण की (ii) फसल की

(iii) बीज की (iv) रसायन की

(ङ) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता में कवि के हताश और दुखी होने का क्या कारण है ?

(i) समाज के कारण (ii) पत्नी की निष्ठुरता के कारण

(iii) संतान के कारण (iv) गरीबी के कारण

प्रश्न 4 गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 1= 5

(क) भक्तिन के पति ने गुहस्थी का भार कितने वर्ष की पत्नी पर छोड़कर संसार से विदा ली?

(i) 27 वर्ष (ii) 28 वर्ष

(iii) 29 वर्ष (iv) 30 वर्ष

(ख) फ़िज़ूल सामान को फ़िज़ूल समझने वाले लोगों को क्या गया है?

(i) संयमी (ii) घमण्डी

(iii) मूर्ख (iv) लालची

(ग) 'देख, बिना त्याग के दान नहीं होता' कहते हुए दीदी ने लेखक के मुँह में क्या डाला था?

(i) लड्डू (ii) हलवा

(iii) जलेबी (iv) मठरी

(घ) 'एक कवि ब्रह्मा थे, दूसरे वाल्मीकि और तीसरे व्यास।' – यह गर्वपूर्वक किसने कहा था?

(i) शिखा (ii) सुलोचना

(iii) शकुन्तला (iv) विज्जिका देवी

(ङ) जाति–प्रथा के कारण मनुष्य के पेशे का निर्धारण कब कर दिया जाता है ?

(i) जन्म के साथ (ii) शिक्षा–प्राप्ति के साथ

(iii) गर्भधारण के साथ (iv) विवाह के समय

प्रश्न 5 **अभिव्यक्ति एवं माध्यम** पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दोजिए। 5 X 1= 5

(क) सामान्य खबरों से अलग किसी घटनाओं ,मुद्‌दों या समस्याओं का बारीकी से विश्लेषण कर पाठक तक पहुँचाना– – – – पत्रकारिता कहलाती है। 1

(i) समाचार (ii) बीट

(iii) फ़ीचर (iv) विशेषीकृत रिपोर्टिंग

(ख) इंटरनेट पर एक सेकेंड में कितने शब्द भेजे जा सकते हैं? 1

(i) 55 हजार (ii) 60 हजार

(iii) 65 हजार (iv) 70 हजार

(ग) टेलीविजन किस प्रकार का माध्यम है ? 1

(i) श्रव्य (ii) दृश्य

(iii) श्रव्य – दृश्य (iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) किसी समाचार–संगठन में निश्चित मानदेय पर काम करने वाले को – – – पत्रकार कहते हैं। 1

(i) पूर्णकालिक (ii) अंशकालिक

(ii) फ्रीलांसर (iv) अल्पकालिक

(ङ) **स्तंभ लेखन के संबंध में निम्न में से कौन–सा कथन असत्य है ?** **1**

(क) यह विचारपरक लेखन का एक रूप है

(ख) स्तंभ का विषय चुनने के लिए लेखक को छूट होती है

(ग) संपादक द्वारा दिए गए विषय पर ही लेखक को स्तंभ लिखना पड़ता है

(घ) इसमे लेखक के विचार अभिव्यक्त होते हैं

प्रश्न 6 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X5=5

(क) निम्न में से **गुण संधि** का सही उदाहरण है। 1

(i) मात्राज्ञा (ii) महर्षि

(iii) अभ्युदय (iv) मतैक्य

(ख) ' सत्याग्रह' शब्द का उचित विग्रह छांटिए । 1

(i) सत्य के लिए ग्रह (ii) सत्य का ग्रह

(iii) सत्य का आग्रह (iv) सत्य के लिए आग्रह

(ग) **'पुस्तकालय'** शब्द में कौन –सा समास है ? 1

(i) कर्म तत्पुरुष समास (ii) संप्रदान तत्पुरुष समास

(iii) संबंध तत्पुरुष समास (iv) अपादान तत्पुरुष समास

(घ) **' मैनें यह कुर्सी सौ रुपये की खरीदी है।'** इस वाक्य में – – दोष है। 1

(i) क्रिया संबंधी (ii) मुहावरे संबंधी

(iii) पुनरुक्ति संबंधी (iv) परसर्ग संबंधी

(ङ) **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।** **1**

(i) बच्चे को काटकर फल खिलाओ।

(ii) बच्चे को फल काटकर खिलाओ।

(iii) फल बच्चे को काटकर खिलाओ।

(iv) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।

## खण्ड– ब

## वर्णनात्मक प्रश्न

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** **5**

मैं स्नेह–सुरा का पान किया करता हूँ,
मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ,
जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ।

**अथवा**

**निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।**

नहला के छलके–छलके निर्मल जल से

उलझे हुए गेसुओं में कंघी करके
किस प्यार से देखता है बच्चा मुँह को
जब घुटनियों में ले के है पिनहाती कपड़े।
दीवाली की शाम घर पूते और सजे
चीनी के खिलौने जगमगाते लावे
वो रूपवती मुखड़े पै इक नर्म दमक
कच्चे के घरौंदे में जलाती है दिए।

प्रश्न :

**(i)** कवि और कविता का नाम लिखिए । 1

**(ii)** बच्चा किसके मुँह को प्यार से देखता ह? 1

**(iii)** ' छलके–छलके ' में कौन–सा अलंकार है ? 1

**(iv)** दीवाली की शाम घर कैसे दिखाई दे रहे हैं? 1

**(v)** काव्यांश में 'रूपवती ' किसे कहा गया है? 1

**प्रश्न 8 काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 = 5**

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) बादल राग कविता में कवि द्वारा बताई गई किसान की दशा का वर्णन कीजिए। 2

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । 5**

पर उस जादू की जकड़ से बचने का सीधा–सा उपाय है। वह यह है कि बाज़ार जाओ तो मन खाली न हो । मन खाली हो, तब बाज़ार न जाओ। कहते हैं लू में जाना हो तो पानी पीकर जाना चाहिए। पानी भीतर हो, लू का लूपन व्यर्थ हो जाता है। मन लक्ष्य में भरा हो तो बाज़ार भी फैला–का–फैला ही रह जाएगा। तब वह घाव बिलकुल नहीं दे सकेगा, बल्कि कुछ आनंद ही देगा।

**अथवा**

**निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।**

जाति–प्रथा पेशे को दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण ही नहीं करती बल्कि मनुष्य को जीवन–भर के लिए एक पेशे में बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखों मर जाए। आधुनिक युग में यह स्थिति प्रायः आती है, क्योंकि उद्योग–धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभी–कभी अकस्मात परिवर्तन हो जाता है, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न हो, तो इसके लिए भूखों मरने के अलावा क्या चारा रह जाता है? हिन्दू धर्म की जाति प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पारंगत हो। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण बनी हुई है।

**प्रश्नः**

(i) लेखक और पाठ का नाम लिखिए। 1

(ii) मानव के सामने किस कारण भूखों मरने की स्थिति पदा हो जाती है? 1

(iii) मनुष्य को आधुनिक युग में अपना पेशा बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ सकती है? 1

(iv) मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न होने के क्या परिणाम होता है ? 1

(v) जाति प्रथा बेरोजगारी को जन्म कैसे देती है? 1

**प्रश्न 10 गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 = 5**

(क) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों माना है ? 2

प्रश्न 11 निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। 5

**मतदान का महत्त्व** अप्रत्याशित विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखिए। 5

अथवा

कहानी को नाट्य–रूपांतरण करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** 3 + 2 = 5

(क) रेडियो के लिए नाटक किस प्रकार लिखा जाता है ? 3

(ख) प्रिंट माध्यम की किन्हीं दो–दो लाभ व हानियाँ लिखिए । 2

**प्रश्न 13 'वितान भाग–2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 + 2 = 7**

(क) आनंदा की कोई तीन चारित्रिक विशेषताए लिखिए। 3

(ख) 'अतीत में दबे पाँव' में वर्णित महाकुड का वर्णन कीजिए। 2

(ग) यशोधर बाबू अपने ही घर में बेचारे व असहाय कैसे बन गए? 2

**प्रश्न 14 'व्याकरण'** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3+2 = 5

(क) (i) रूपक अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ii) '**काली घटा का घमण्ड घटा** ' में अलंकार का नाम लिखिए । 1

(ख) **स्वर संधि** को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । 2

प्रश्न 15 **'आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा)'** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकानुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 2 X 4 = 8

(क) जीवन पथ पर सफलता पाने के लिए क्या जरूरी है?

(ख) हमें मन में क्या नहीं रखना चाहिए और क्यों ?

(ग) मन का आहार क्या है ?

(घ) दुर्गा भाभी के मन पर किन घटनाओं का गहरा आघात लगा ?